www.sanjanabharati.com | दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित | facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



2 कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट शुरू...
3 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली मेट्रो अलाइमेंट की बैठक
4 विधायक जगमोहन आनंद ने विकास कार्यों के...

वर्ष: 9 | अंक: 137 | दिल्ली, बुधवार, 12 मार्च 2025 | पृष्ठ संख्या: 4 | मूल्य: 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### मॉरीशस ने भी बढ़ाया भारत का मान

**मॉरीशस (एजेन्सी)।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपने सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन की घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय हैं। यह किसी देश द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाने वाला 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखुल से मुलाकात की तथा दोनों नेताओं ने खास एवं घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। मंगलवार सुबह दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने स्टेट हाउस में गोखुल से मुलाकात की। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि मॉरीशस के राष्ट्रपति महामहिम श्री धरमबीर गोखुल के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। वह भारत और भारतीय संस्कृति से अच्छी तरह परिचित हैं। मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करने को लेकर मैंने आभार व्यक्त किया। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

### तीन-भाषा फॉर्मूले पर सियासत तेज!

**तमिलनाडु (एजेन्सी)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के प्रति डीएमके सरकार के विरोध को दोहराया और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की राज्य के खिलाफ की गई असभ्य टिप्पणी की निंदा की। भाजपा नेता द्वारा माफी मांगे जाने के बाद टिप्पणी को सदन के रिकॉर्ड से हटा दिया गया। दक्षिणी राज्य की आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु भारत का दूसरा सबसे अधिक आर्थिक रूप से विकसित राज्य बन गया है। पिछले तीन वर्षों में 10 लाख करोड़ से अधिक निजी निवेश सुनिश्चित किया गया है। अगर कोई बाधा न होती, तो हमारे तमिलनाडु का विकास बहुत बेहतर होता। मुख्यमंत्री ने केंद्र की कथित दबाव रणनीति और एनईपी के राज्य की शिक्षा प्रणाली पर संभावित नकारात्मक प्रभाव के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। चेन्नई के पास एक कल्याण सहायता वितरण समारोह के दौरान स्टालिन ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नाम पर, वे तमिलनाडु में शिक्षा को पूरी तरह से नष्ट करने के इरादे से नीतियां लागू कर रहे हैं।

### लैंड फॉर जॉब केस में तेज प्रताप और बहन हेमा को बेल

**बिहार (एजेन्सी)।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में तेज प्रताप यादव, हेमा यादव और अन्य आरोपियों को जमानत दे दी। वे समन जारी होने के बाद कोर्ट में पेश हुए। लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती ने छूट की अर्जी दाखिल की। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रत्येक आरोपी द्वारा 50,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के जमानती बांड प्रस्तुत करने पर आरोपियों को जमानत दे दी। अदालत ने मामले की सुनवाई 20 मार्च को निर्धारित की है। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता राबड़ी देवी ने कहा कि जब भी चुनाव होने वाले होते हैं, भारत और राज्य सरकार जानबूझकर हमें परेशान करना शुरू कर देती है... अदालत जो भी कहेगी, हम उसे स्वीकार करेंगे।



नई दिल्ली के असिता पार्क में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में यमुना नदी पर क्रूज पर्यटन के विकास के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) और दिल्ली सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

# संसद में सरकार और विपक्ष के बीच हंगामा जारी

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे चरण के तहत दूसरे दिन संसद की कार्यवाही हुई। लोकसभा और राज्यसभा में विभिन्न मुद्दों को लेकर हंगामा देखने को मिला। मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सहित अन्य विपक्षी दलों ने राज्यसभा में भारी हंगामा किया।

कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने सरकार पर शैक्षणिक संस्थानों में लोगों को 'पिछले दरवाजे' से धकेलने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने मणिपुर को विधानसभा को बहाल करने की मांग की तथा प्रधानमंत्री मोदी से राज्य का दौरा करने का आग्रह किया। इसके अलावा



लोकसभा में आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 पेश किया गया। सरकार ने मंगलवार को लोकसभा में आप्रवासन और विदेशी नागरिकों के भारत में आने से संबंधित प्रावधान वाला विधेयक पेश किया। विपक्ष के कुछ सदस्यों के विरोध के बीच गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने नियमों का हवाला देते हुए विधेयक को पेश किए जाने का विरोध किया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने मंगलवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि देश में पुरानी पेंशन योजना फिर से लागू की जाए ताकि सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कांग्रेस सांसद गोवाल पडवी ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि चीन का कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से संबंधित मॉडल डीपसीक अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा नहीं बताता है और ऐसे में उसे प्रतिबंधित करना चाहिए तथा इस विषय को चीन की सरकार के समक्ष उठाया जाना चाहिए।

# पूर्वी दिल्ली के एजीसीआर कॉलोनी में स्थित झुग्गी में आग लगने से हुई तीन लोगों की मौत

## सरकार पीड़ित परिवार को देगी 10-10 लाख की आर्थिक मदद

संजना भारती संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के एजीसीआर कॉलोनी के पास की झुग्गी में सोमवार देर रात आग लगने की घटना से हुई तीन लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सीएम रेखा गुप्ता खुद मौके पर पहुंची और शोकाकुल परिवारों से मिलकर उनको सांत्वना दी और सरकार की तरफ से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। सरकार पीड़ित परिवार के हुए नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती, लेकिन सरकार की तरफ से जिन लोगों की जान गई है, उनको 10-10 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी।

सीएम रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवारों से बात कर उनसे घटना के बारे में जानकारी ली और घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा भी लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से उनके नुकसान की जानकारी ली और उनको सांत्वना देते हुए सरकार की तरफ से पूरी मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने तुरंत मौके



पर पहुंचकर त्वरित करवाई की। यह हादसा बेहद दर्दनाक है और हमे पीड़ितों के परिवार के साथ सांत्वना है। यह तीनो लोग उत्तर प्रदेश के औरैया जिले के थे।

सीएम रेखा गुप्ता ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान कहा कि इन सभी पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। एक गरीब परिवार बड़ी मुश्किल से तिनका तिनका कर अपना घरोंदा तैयार करता है और ऐसे हादसे उसके मनोबल को हिला के रख देते है। मैं भगवान से मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करती हूँ। हम पीड़ित परिवार के नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकती, लेकिन सरकार की तरफ से जिन- लोगों की मौत हुई है, उन्हें आर्थिक मदद दी जाएगी। जिन लोगों की मौत हुई है, उनके परिवार को दिल्ली सरकार की तरफ से 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही सम्बंधित अधिकारियो को घटना की जाँच के निर्देश भी दे दिए गए है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओ को रोका जा सके।

# हरियाणा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हर घर-नल से जल उपलब्ध करवाने का काम किया: सीएम नायब सिंह सैनी

संजना भारती संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के लोगों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करवाने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत राज्य सरकार ने पिछले 10 वर्षों में हर घर-नल से जल उपलब्ध करवाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विधानसभा सत्र के दौरान विधायक अर्जुन चौटाला द्वारा पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने बताया कि रानियां निर्वाचन क्षेत्र में नहर आधारित जलापूर्ति योजनाओं और ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।



रानियां निर्वाचन क्षेत्र में 72 गांव और 25 ढाणियां हैं और इनमें 48 नहर आधारित जलापूर्ति योजनाओं और 38 ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जिनमें से 35 ट्यूबवेल आधारित जलापूर्ति योजनाएं अब तक संबंधित ग्राम पंचायतों को सौंप दी गई हैं। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में पेयजल में टीडीएस की मात्रा अधिक है वहां की जलापूर्ति को नहर आधारित परियोजनाओं में परिवर्तित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र से पिछले कुछ समय में पेयजल के 765 सैंपल लिए गए, जिनमें से 39 सैंपल फेल पाए गए। जिन क्षेत्रों सैंपल फेल पाए गए, वहां पर जलापूर्ति को नहर आधारित जलापूर्ति परियोजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के हर जिले में एक-एक वाटर टेस्टिंग लेबोरेटरी स्थापित की गई हैं।

# होली का पर्व सद्भावना बढ़ाएगा, सामाजिक बंधनों को मजबूत करेगा: रविन्द्र इंद्राज सिंह

## दिल्लीवासियों के सहयोग से सारे वादे होंगे पूरे: सहकारिता मंत्री

संजना भारती संवाददाता

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को रोहिणी सेक्टर 23 के डीडीए ग्राउंड में होली मिलन समारोह में दिल्ली वासियों का मजबूत सरकार देने के लिए अभिनंदन किया।

समाज कल्याण मंत्री ने अपनी बवाना विधानसभा की जनता एवं कार्यकर्ताओं का भी अभिनंदन करते हुए कहा की सरकार आप सबके आशीर्वाद से बनी है और जनसहयोग से 'विकसित दिल्ली' बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। श्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा की प्रदेश की जनता हमारा परिवार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में होली से पहले ही आयुष्मान भारत योजना और महिला समृद्धि योजना का उपहार दिल्ली वासियों को दिया गया, इसी तरह आप सबसे



किया हर वादा सरकार पूरा करेगी। साथ ही आप सबके सुझाव से सरकार बजट पेश करेगी और नई योजनाएं लाएगी।

समाज कल्याण मंत्री ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा की होली रंगों और खुशियों का त्योहार ही नहीं, बल्कि सामाजिक बंधनों को मजबूत करने का भी पर्व है। स्नेह और सद्भाव के रंगों से सजा यह पारंपरिक पर्व आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आएगा।

# खेल भावना को मैदान तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन में भी अपनायें: सीएम नायब सिंह सैनी

## विजेता खिलाड़ियों को नायब सिंह सैनी ने किया सम्मानित





एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी

**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल मात्र पदक जीतने का ही नहीं है बल्कि लोगों का दिल जीतने का माध्यम भी हैं। खेल केवल चैंपियन ही नहीं बनाते बल्कि यह शांति, प्रगति और कल्याण को भी बढ़ावा देते हैं। ये दुनिया को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मचारियों से अपील की कि वे खेल भावना को मैदान तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन में भी अपनायें। अनुशासन, समर्पण और टीम वर्क को कर्तव्य में समाहित करें।

मुख्यमंत्री जिला करनाल में मधुबन पुलिस अकादमी में 73वीं अखिल भारतीय पुलिस वालीबॉल समूह 2024-25 के समापन अवसर पर आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल का प्रदर्शन है बल्कि पुलिस बल के अनुशासन, एकता और समर्पण का भी प्रतीक है। खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं बल्कि अनुशासन, टीम वर्क, धैर्य और आत्मबल को विकसित करने का महत्त्वपूर्ण माध्यम भी हैं। ये न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाते हैं बल्कि अनुशासन भावना और मानसिक शक्ति को भी मजबूत करते हैं। साथ ही विपरीत परिस्थितियों में खड़े रहने की प्रेरणा देते हैं।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेल पुलिस बलों को कर्तव्यों का पालन करने में सहायक होते हैं। इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की 35 टीमों के 1088 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें से 791 पुरुष, 297 महिला और 65 तकनीकी अधिकारी भी शामिल हैं।

श्री नायब सिंह सैनी ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि पुलिस कर्मचारी देश की आंतरिक सुरक्षा और नागरिकों की रक्षा में दिन-रात लगे रहते हैं। प्राकृतिक आपदा, कानून व्यवस्था अथवा आपात स्थिति में जन सहयोग की बात हो, पुलिस अग्रिम पंक्ति में खड़ी रहती है। पुलिस न केवल कर्तव्यों को निभा रही है बल्कि खेलों में भी अमिट छाप छोड़ रही है। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को दक्षता व क्षमता का साबित करने का अवसर तो मिला ही है, साथ ही एक दूसरे की भावनाओं, मान्यताओं तथा रहन सहन की जानकारी भी मिली है। इससे राष्ट्रीय एकता को मजबूती मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल और पुलिस बल का गहरा संबंध है। एक अच्छा सिपाही अच्छा खिलाड़ी भी होता है। खेल फिटनेस को भी बनाये रखते हैं। खिलाड़ियों के दम खम पर भारत आज ओलंपिक तथा अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेलों में बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। हरियाणा के खिलाडियों को इनमें सर्वाधिक योगदान रहा है। कुछ दिन पहले राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने हरियाणा के 11 खिलाडियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर आईबी के संयुक्त निदेशक आईपीएस विधु शेखर ने भी खिलाडियों को संबोधित किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव एवं पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश, रोहतक रेंज आईजी केके राव, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगा राम पूनिया मौजूद रहे।

### होली के दिन मेट्रो 2:30 बजे से शुरू होगा

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने मंगलवार, 11 मार्च को घोषणा की कि होली 2025 के त्योहार के दिन मेट्रो का समय दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा, जैसा कि एक्स पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया है। डीएमआरसी ने प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, "होली के त्यौहार के दिन, यानी 14 मार्च, 2025 (शुक्रवार) को एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर दोपहर 2:30 बजे तक मेट्रो सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।" पोस्ट में आगे कहा गया कि 14 मार्च को सभी लाइनों पर टर्मिनल स्टेशनों से मेट्रो ट्रेन सेवाएं दोपहर 2:30 बजे शुरू होंगी और उसके बाद सामान्य रूप से जारी रहेंगी। होली के लिए संशोधित समय नियमित समय-सारिणी से अलग है, जिसमें आमतौर पर मेट्रो सेवाएं सुबह 5:00 बजे शुरू होती हैं और रात 11:00 बजे समाप्त होती हैं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने किशनगढ़ और वसंत कुंज स्टेशनों के बीच गोल्डन लाइन परियोजना के चरण 4 पर सुरंग निर्माण का काम पूरा कर लिया है, जो तुगलकाबाद-एयरोसिटी कॉरिडोर का हिस्सा है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अनुसार, केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों और बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर और आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू की मौजूदगी में वसंत कुंज स्टेशन साइट पर सुरंग खोदने वाली मशीन ने सफलतापूर्वक खुदाई की। 91 मीटर लंबी टीबीएम ने वसंत कुंज स्टेशन पर 1,550 मीटर लंबी सुरंग की खुदाई पूरी की। इस खंड पर ऊपर और नीचे की आवाजाही के लिए दो समानांतर गोलाकार सुरंगें बनाई जा रही हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री ने बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा







संजना भारती संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल, रोहिणी का औचक निरिक्षण कर वहां की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंत्री ने अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं, चिकित्सा उपकरणों, आपातकालीन व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों से बात की और अस्पताल के डाक्टरों एवं कर्मचारियों को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य है, दिल्ली के अस्पतालों में आने वाले हर मरीज को बेहतर इलाज और सुविधाएं मिलें।

मंत्री जी ने कहा, मरीजों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। दिल्ली की जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा, मैं किसी भी अस्पताल में सरप्राइज इंस्पेक्शन के लिए आ सकता हूं।

अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों और कर्मचारियों से बात करते हुए कहा है कि आप सभी कुशल और अनुभवी हैं, किसी भी समस्या के समाधान लिए सरकार आपके साथ हैं। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले 15-20 दिनों के भीतर अस्पतालों में बड़े बदलाव नजर आएंगे। मंत्री ने हॉस्पिटल के डाक्टरों और स्टॉफ को संबोधित करते हुए कहा कि, मरीजों के प्रति आपका व्यवहार पेशेवर और सौम्य होना चाहिए, जिससे मरीजों को अस्पताल में सौहार्दपूर्ण वातावरण मिल सके। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि मरीजों की सुविधा के लिए आपातकालीन सेवाओं, दवाई से संबधित और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए। मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को आश्वस्त किया की हॉस्पिटल में डॉक्टर्स और पैरामेडिकल स्टॉफ की कोई कमी नहीं रहेगी। इसके साथ ही अस्पताल परिसर की स्वच्छता और सुरक्षात्मक उपायों को और सुदृढ़ किया जाए।

दिल्ली सरकार का स्पष्ट विजन है कि हर नागरिक को सस्ती, सुलभ और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं मिले एवं मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा न हो और सभी जरूरी सुविधाएं समय पर उपलब्ध हों।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली की जनता से जो वादा किया था, वह 100 दिनों के भीतर पूरा होता नजर आएगा। अस्पतालों में मौजूद कमियों को हम दूर करेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाएंगे। दिल्ली सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि राजधानी के नागरिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

# सम्पादकीय

## राहुल का गुजरात दौरा

**लोकसभा** चुनाव के बाद हुए चुनावों में कांग्रेस को वैसी सफलता नहीं मिली जो राहुल के दावे के आसपास भी कहीं हों। हालांकि राहुल ने जब भाजपा को हराने की बात कही थी तब उनका आशय विधानसभा चुनावों से था जो पहले ही हो चुके थे और अगला चुनाव होने में अभी काफी वक्त है। वह 2027 में होगा। विधानसभा 2027 और लोकसभा 2029 में। गुजरात में राहुल का दो दिन बिताना कई संकेत दे रहा है। पहला तो यह है कि अब कांग्रेस आखिरी लम्हों में काम शुरू करने की बजाय काफी पहले से काम शुरू करने की आदत डाल रही है जो सम्भवत: अपनी पिछली गलतियों से मिली सीख है। गुजरात में शुक्रवार को उन्होंने नेताओं और पार्टी सदस्यों से मैराथन मुलाकातें कीं। फिर दूसरे दिन (शनिवार) कार्यकर्ताओं को जो सम्बोधन किया, वह बेहद महत्वपूर्ण है और उसका तात्कालिक लाभ केवल गुजरात तक सीमित नहीं है। राहुल ने भीतरघात करने वाले कांग्रेसियों पर सख्ती का संकेत तो दिया कि 'वे भाजपा की बी-टीम बनकर काम करने की बजाय बाहर चले जायें।' राहुल या कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सामान्यत: जो नहीं कहता था या जब कहा तो यह पहली बार उन्होंने साफ-साफ कह दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी हितों के खिलाफ काम करने वाले 10-20 ही नहीं 40 लोगों को भी निकालना पड़े तो उसके लिये संगठन तैयार है। उन्होंने यह भी कहा कि 'कांग्रेस के कार्यकर्ता बब्बर शेर हैं पर उन्हें बांधकर रखा गया है।' उनका इशारा उन पदाधिकारियों और नेताओं की ओर था जो या तो निष्क्रिय हैं अथवा अपनी बातों या कामों से प्रत्यक्ष-परोक्ष व सायास-अनायास भाजपा की मदद करते हैं। सच यही है कि कांग्रेस अपनी अंदरूनी बीमारी से लम्बे समय से जूझ रही है जिससे उसे बाहरी आक्रमणों की बजाय कहीं अधिक नुकसान पहुंचाया है। ऐसे लोगों की लम्बी फेहरिस्त है जिनके कारण पार्टी को बड़ा नुकसान पहुंचा है। राजीव गांधी की मृत्यु के बाद से ही कांग्रेस की यह दिक्कत शुरू हो गयी थी। ऐसे वक्त में जब पूरी पार्टी को एकजुट होकर खड़े होना था, सोनिया गांधी के विदेशी मूल को लेकर पार्टी के तीन बड़े नेताओं-शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर ने अलग होकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी बना ली जो एक व्यर्थ की कवायद साबित हुई क्योंकि बाद में डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व की दोनों यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस सरकारों में एनसीपी शामिल हुई और अब वह प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया में है जिसका नेतृत्व कांग्रेस करती है। तारिक पार्टी में लौट आये जो अब कटिहार के सांसद हैं। जो नुकसान होना था, हो गया क्योंकि पार्टी टूटी थी तथा विदेशी मूल के भाजपायी विमर्श को प्रोत्साहन मिला था। कांग्रेस की पिछले तीन-साढ़े तीन दशकों की यात्रा में कई लोगों ने अपने बयानों से पार्टी को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यहां उन लोगों की बात नहीं हो रही है जिन्होंने खुद या उनके पुत्रों ने कांग्रेस से सब कुछ पाया- पद, रुतबा, सम्पन्नता, लेकिन जब मोदी-शाह की जांच एजेंसियों की उन पर नजर आया, उन्होंने सीधे भाजपा कार्यालय का रूख किया। इनमें असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा से लेकर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व आदर्श हाउसिंग सोसायटी घोटाले के आरोपी अशोक चव्हाण जैसे हैं जो ईडी की पहली घुड़की में ही पार्टी छोड़ गये। पार्टी के भीतर ही जी-23 जैसा आंतरिक गुट बनाया गया। कांग्रेस के पास जो बुद्धिजीवी हैं उनकी राजनीतिक समझ पर तरस ही खाया जा सकता है जो इस बात की तनिक भी सावधानी नहीं रखते कि उनके किस कहे-लिखे से दल को क्या नुकसान हो सकता है। जिस मणिशंकर अय्यर ने 2017 में मोदी के लिये अपमानजनक टिप्पणी कर लोकसभा (2019) में भाजपा को विक्टिम कार्ड खेलने का अवसर दिया था, अब राजीव गांधी की शैक्षिक योग्यता पर बयान देकर उन लोगों को परेशानी में डाल रहे हैं जो मोदी की डिग्री को लेकर सवाल करते रहे हैं। अय्यर वे शख्स हैं जिन्हें राजीव ने महत्वपूर्ण मंत्रालयों से नवाजा था। इसी पंक्ति में सलमान खुर्शीद जैसे लोग हैं जो अपनी उस किताब को चुनाव के ऐन पहले प्रकाशित कराते हैं जिसमें वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना आतंकवादी संगठनों से कर सीटें हाथ से निकल जाना सुनिश्चित करते हैं। जो व्यक्ति अध्यक्ष पद के लिये चुनाव लड़कर भी पार्टी में अपना महत्व, पद व दावा नहीं गंवाता-शशि थरूर-वे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को ऐसे वक्त में अपनी भूमिका पूछते हैं जब कांग्रेस अपने वजूद की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रही है जिसमें युवा राहुल हजारों किलोमीटर की यात्रा कर रहे हैं तथा वयोवृद्ध खरगे रात-दिन पसीना बहा रहे हैं। भला कांग्रेस को बचाने के अलावा किसी की और क्या भूमिका हो सकती है? वैसे गुजरात के अपने इसी भाषण में राहुल ने कार्यकर्ताओं से जो आग्रह किया है वही सभी की भूमिका है-जनता के पास जायें, उनकी जरूरतों को समझें और उसके मुताबिक काम करें।

### जयंती

**यशवंतराव चह्वाण**



जन्म-12 मार्च, 1913-मृत्यु-25 नवंबर, 1984) भारत के पाँचवे उपप्रधानमंत्री और महाराष्ट्र के प्रथम मुख्यमंत्री थे। एक समय भारत देश के प्रमुख राजनेता और केन्द्र सरकार के महत्त्वपूर्ण विभागों के सफल मंत्री थे। यशवंतराव चह्वाण एक मजबूत कांग्रेस नेता, स्वतंत्रता सेनानी, सहकारी नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और लेखक थे। ये 'आम आदमी के नेता' के रूप में लोकप्रिय थे। यशवंतराव चह्वाण ने अपने भाषणों और लेखों में दृढ़ता से समाजवादी लोकतंत्र की वकालत की और महाराष्ट्र में किसानों की बेहतरी के लिए सहकारी समितियों को स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पुण्यतिथि



**बी. जे. दीवान**

जन्म-20 अगस्त, 1919; मृत्यु-12 मार्च, 2012, गुजरात और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और आंध्र प्रदेश के कार्यवाहक राज्यपाल थे। बी. जे. दीवान ने 11 साल की उम्र में दांडी मार्च में हिस्सा लिया था। अहमदाबाद में दीवान वल्लूभाई स्कूल की स्थापना के चलते उन्हें शिक्षाविद् की पहचान मिली थी। आपात काल के दौरान जजों के तबादले किए गए थे। बी. जे. दीवान का शुरूआत में ही तबादला हुआ। जयपुर महाराज के संपत्ति बटवारे में सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी बतौर मार्गदर्शक व प्रशासक नियुक्ति की थी।

### कल मिलेंगे

**मां कल आधी रात को कमरे में आकर बोली**-बेटा तुझे पता है कि पेट्रोल सस्ता हो गया है?

**बेटा**-हां मां फिर?

**मां**-चुपचाप फोन बंद कर के सोजा नहीं तो तेरे इसी फोन पर पैट्रोल डाल के आग लगा दूंगी.

**संजना भारती दैनिक**

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# एकता का स्वांग, बंटवारे की भाषा!

**हैरानी की बात नहीं है कि गैर-भाजपायी राज्यों में इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनेक पहलुओं को विभिन्न स्तरों पर उपेक्षा, असहयोग से लेकर प्रतिरोध तक का सामना करना पड़ रहा है। तमिलनाडु में यह विरोध सबसे बढ़कर, त्रिभाषा फामूर्ले के लागू किए जाने के नाम पर, हिंदी के थोपे जाने के विरोध के रूप में सामने आया है। बेशक, इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा पर, खासतौर पर प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर जोर दिए जाने की बात कही गयी है**

-राजेंद्र शर्मा

**भाषा** के प्रश्न पर और खासतौर पर क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दे पर, दक्षिण भारत एक बार फिर गर्म हो रहा है। इसका उबाल तमिलनाडु में खासतौर पर ज्यादा है, जहां पहले भी 1960-70 के दशकों में, भाषायी प्रश्न पर उग्र विरोध सामने आया था। बहरहाल, कम से कम इस बार भाषा विवाद का जोर पकड़ना इस अर्थ में अनावश्यक था कि यह विवाद केवल केंद्र सरकार के इकतरफा कदमों और इकतरफा फैसलों पर प्रतिक्रिया के रूप में भड़का है। यह कोई संयोग ही नहीं है कि साठ-सत्तर के दशकों को पीछे छोड़कर देश अगर बाद के दशकों में भाषायी अशांति से बहुत दूर निकल आया था, तो इसमें भाषायी विवाद में सामने आयी संवेदनाओं के प्रति, बाद में आयी केंद्र सरकारों के संवेदनशीलता प्रदर्शित करने का भी हाथ था। लेकिन, मोदी राज में इस तरह की संवेदनशीलता की जगह, मराठी की संज्ञा का उपयोग करें तो केंद्र और सत्ताधारी ताकतों की ठोकशाही ने ले ली है। इसका नतीजा साठ-सत्तर के भाषायी विवाद के साए फिर से सिर पर मंडरा रहे होने के रूप में सामने है।

जैसाकि सभी जानते हैं, विवाद के वर्तमान चक्र की शुरूआत केंद्र सरकार द्वारा इकतरफा तरीके से तमिलनाडु के शिक्षा से संबंधित फंड रोके जाने के साथ हुई थी। इस सिलसिले को चलते करीब दो साल हो जाने और राज्य का इस तरह रोका गया फंड दो हजार रुपए से ऊपर निकल जाने के बाद, अब तक शिष्टद्ता से इस मुद्दे को उठाती रही तमिलनाडु सरकार को, विरोध का अपना स्वर ऊंचा करना पड़ा। लेकिन, मोदी सरकार को इस तरह के किसी विरोध की सुनवाई करना तो दूर रहा, विरोध की ऐसी आवाज को बर्दाश्त करना भी मंजूर नहीं होता है। राज्य के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है, कहने की रस्म-अदायगी के फौरन बाद, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने फंड रोके जाने के लिए तमिलनाडु को ही यह कहकर दोषी ठहराना शुरू कर दिया कि समस्या उसके ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू न करने में है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो, फंड खुद ब खुद आ जाएंगे! कहने की जरूरत नहीं है कि यह केंद्र के हाथों से निकलने वाले, केंद्रीय कार्यक्रमों के फंड को, राज्यों पर नीतिगत मामलों में बड़ी नंगई से केंद्र सरकार की मनमर्जी थोपे जाने का औजार बनाए जाने का ही मामला है। यह देश की संघीय व्यवस्था के खिलाफ है, जिसकी इजाजत देश का संविधान नहीं देता है। कोई भी स्वाभिमानी राज्य, केंद्र के इस तरह मनमर्जी थोपने का विरोध करेगा। और शिक्षा जैसे मामलों में, जो संविधान की समवर्ती सूची में आने के बावजूद, मुख्यतः राज्य के अधिकार का विषय बना हुआ है, केंद्र की ऐसी मनमानी तो हर्गिज स्वीकार नहीं की जा सकती है। लेकिन, मोदी राज में तो केंद्र के इस तरह की मनमर्जी चलाने को ही सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है।

कथित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शुरू से आखिर तक, ऐसी मनमानी का ही उदाहरण है। संघ-भाजपा के विशेष एजेंडे और हिंदुत्व-कारपोरेट गठजोड़ को आगे बढ़ाने के स्पष्टद् उद्देश्य के साथ, इस शिक्षा नीति को सूत्रबद्ध करने की कई साल लंबी कसरत से, राज्यों को बाहर ही रखा गया था, जो अन्य चीजों के अलावा इस कसरत का इस देश की समृद्ध विविधता से विमुख बने रहना ही सुनिश्चित करता था। दूसरी ओर, संबंधित कमेटी में शुरू से ही कारपोरेट नजरिए का बोलबाला सुनिश्चित किया गया था। इस तरह सरासर गैर-प्रतिनिधि तरीके से, संघ-कारपोरेट गठजोड़ के आग्रहों को आगे ले जाने का पूरा बंदोबस्त करने और छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों आदि, शिक्षा में सबसे ज्यादा हित-रखने वाले सभी तबकों की आवाजों को बाहर रखने के बाद, एक दक्षिणपंथी विचारधारात्मक आग्रहों से लदा मसौदा तैयार करने के बाद, रस्मअदायगी के तौर पर लोगों की राय लेने के लिए रखा जरूर गया, लेकिन जैसाकि पहले से अनुमान लगाया जा सकता था, विभिन्न हितधारकों की रायों को और तमाम आलोचनात्मक रायों को, सिरे से अनसुना कर दिया गया।

इसके ऊपर से, 1968 तथा 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीतियों के विपरीत, इस शिक्षा नीति को सीधे केंद्र द्वारा इकतरफा तरीके से देश पर थोप दिया गया। इस नीति पर न सिर्फ राज्यों की कोई राय नहीं ली गयी, राज्यों को साथ लेकर चलना तो उसकी दृष्टि में भी नहीं था। उल्टे केंद्र ने पूरे देश की ओर से नीति बनाने का अधिकार खुद ब खुद अपने को दे दिया था। इसके ऊपर से, संसद को भी इस प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं दी गयी और इस तरह वृहत्तर राजनीतिक राय को इस समूची प्रक्रिया से दूर ही रखा गया। केंद्र सरकार ने ही कमेटी का गठन किया और उसी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपनी मंजूरी से, देश पर थोप भी दिया।

हैरानी की बात नहीं है कि गैर-भाजपायी राज्यों में इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनेक पहलुओं को विभिन्न स्तरों पर उपेक्षा, असहयोग से लेकर प्रतिरोध तक का सामना करना पड़ रहा है। तमिलनाडु में यह विरोध सबसे बढ़कर, त्रिभाषा फामूर्ले के लागू किए जाने के नाम पर, हिंदी के थोपे जाने के विरोध के रूप में सामने आया है। बेशक, इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा पर, खासतौर पर प्राथमिक शिक्षा के स्तर पर जोर दिए जाने की बात कही गयी है। लेकिन, इसके साथ ही इसमें छोटे बच्चों के बीच बहुभाषिकता को पोसने पर भी काफी जोर दिया गया है, जिसकी शिक्षा-विज्ञानी वैज्ञानिकता पर सवाल उठ सकते हैं। बहरहाल, इसमें भी विशेष रूप से समस्यापूर्ण है, त्रिभाषा फामूर्ले के नाम पर तमिलनाडु में तमिल और अंग्रेजी के अलावा, हिंदी थोपने का आग्रह। वैसे तो मोदी सरकार जब से सत्ता में आयी है, केंद्र द्वारा हिंदी थोपे जाने की शिकायतें उठती ही रही हैं। बहरहाल, त्रिभाषा फामूर्ले के लागू किए जाने के केंद्र के फरमान और इस फरमान को थोपने के लिए शिक्षा के लिए राज्य के फंड तक रोकने की उसकी दादागीरी ने, चीजों का विस्फोटक बिंदु तक पहुंचा दिया है।

बेशक, त्रिभाषा फामूर्ला जिसका तमिलनाडु प्रतिरोध कर रहा है, 2020 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ही खोज नहीं है। तीन भाषाओं पर आधारित फामूर्ला पहले से शिक्षा नीति का हिस्सा रहा था। लेकिन, एक तो उसे इस तरह अनिच्छुक राज्यों पर थोपने की कोशिश पहले नहीं की गयी थी। इसके ऊपर से, 2020 की शिक्षा नीति में त्रिभाषा फामूर्ले में भी तरह-तरह के बदलाव कर दिए गए हैं, जो इस फामूर्ले के जरिए वास्तव में किसी बड़े पैमाने पर तथा सही मायने में बहुभाषिकता सुनिश्चित करने के बजाय, इसे किसी न किसी प्रकार से गैर-हिंदीभाषी राज्यों पर हिंदी लादे का जाने ही फामूर्ला बना देता है। यह किसी से छुपा हुआ नहीं है कि किस तरह संस्कृत की पढ़ाई की ओट लेकर, त्रिभाषा फामूर्ले में विश्वास के पाखंड के बावजूद, हिंदी भाषी क्षेत्र के अधिकांश हिस्से को अन्य कोई आधुनिक भारतीय भाषा सीखने से दूर रखा जाता रहा है। हैरानी की बात नहीं है कि पिछले ही दिनों आया एक अध्ययन यह दिखाता है कि हिंदीभाषी क्षेत्र 90 फीसदी एकल-भाषी है और सबसे कम बहुभाषिक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस असंतुलन को और बढ़ाने ही जा रही है। नयी नीति में इसी छल को विदेशी भाषाओं की पढ़ाई का प्रावधान जोड़ने के जरिए और आगे बढ़ाया गया है। वास्तव में मातृभाषा में शिक्षा के पहलू से भी आरंभिक शिक्षा को आज बढ़ती चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। आल इंडिया स्कूल एजूकेशन सर्वे के आठवें चक्र से, जो एनसीईआरटी द्वारा किया गया भाषायी माध्मम पर आखिरी अखिल भारतीय सर्वे है, पता चलता है कि वास्तव में मातृभाषा में पढ़ाने वाले स्कूलों का अनुपात घटने के बजाय बढ़ ही रहा है। आठवें सर्वे के समय 86.62 फीसदी स्कूल मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा दे रहे थे, जबकि सातवें सर्वे के समय यही अनुपात 92.07 फीसदी था। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र, दोनों में यह हिस्सा घट रहा था। इससे इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति की प्राथमिकताओं का ही पता चलता है कि यह नीति तमिलनाडु से त्रिभाषा फामूर्ला लागू कराने के लिए झगड़ रही है, न कि मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा के अनुपात में गिरावट के खिलाफ कोई अभियान चला रही है, क्योंकि यह गिरावट तो शिक्षा के उस बढ़ते निजीकरण तथा व्यापारीकरण का ही नतीजा है, जिसे यह शिक्षा नीति बड़ी नंगई से प्रमोट करती है।

हैरानी की बात नहीं है कि तमिलनाडु राज्य ने भी केंद्र की मनमानी की चुनौती को स्वीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कह दिया है कि केंद्र कितने ही फंड रोक ले, तमिल झुकेंगे नहीं। इस तरह, जिस हिंदी के पूरे भारत को जोड़ने वाली भाषा होने का दावा किया जाता है, उसे केंद्र की रीति-नीति ने तोड़ने वाली भाषा बनाकर रख दिया है। देश को और ज्यादा एकजुट करने के दावे के साथ, ऐसे ही तोड़ने का काम जम्मू-कश्मीर से लेकर मणिपुर तक के मामले में किया गया है। एकता का झूठा मंत्रजाप करते-करते, देश को बढ़ते विभाजन के रास्ते पर धकेला जा रहा है।

(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)

# कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट शुरू, टैरिफ को लागू होने में समय लगेगा

**मेक्सिको और केनडा पर अमेरिकी टैरिफ की धमकियों और ओपेक+ द्वारा अप्रैल में उत्पादन फिर से शुरू करने की योजना की पुष्टि के कारण कीमतों में गिरावट आई है। टैरिफ, जो शुरू में प्रभावी होने वाले थे, अब स्थगित कर दिये गये हैं, जिससे कीमतों में थोड़ी तेजी आई है, लेकिन कच्चे तेल पर दबाव बना हुआ है। केनडा के जवाबी टैरिफ अभी भी लागू हैं और चीन अगले सप्ताह जवाबी टैरिफ पर कार्रवाई करेगा**

-के रवींद्रन

**तेल** की कीमतें गिरकर अक्टूबर 2024 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गयी हैं और सभी संकेतों से लगता है कि गिरावट अभी खत्म नहीं हुई है। ब्रेंट पहले ही 70 डॉलर प्रति बैरल से नीचे गिर चुका है क्योंकि बाजार आपूर्ति में कमी का भार महसूस कर रहा है। ओपेक+ बैरल पहले से ही अच्छी आपूर्ति वाले सिस्टम में बाढ़ ला सकते हैं, जिससे किसी भी सार्थक मूल्य सुधार पर रोक लग सकती है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रतिबंधों और टैरिफ से प्रत्याशित आपूर्ति घाटे को अभी तक प्रशासन के उतार-चढ़ाव को देखते हुए गंभीर नहीं माना गया है। कीमतों का एशियाई उपभोक्ताओं पर पहले से ही सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सऊदी अरब ने एशिया की कीमतों में और कटौती की घोषणा की है, क्योंकि वह उत्पादक कीमतों में गिरावट के बावजूद अपने बाजार शेयरों की रक्षा करना चाहता है।

विश्लेषकों ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि ओपेक+द्वारा बैरल की क्रमिक वापसी और अमेरिकी टैरिफ के अनिश्चित प्रभावों के कारण तेल बाजार मंदी की भावनाओं से जूझ रहा है। नीति अनिश्चितता और अधिक आपूर्ति के बीच संवेदनशील संतुलन से पता चलता है कि जब तक मांग में सुधार नहीं होता या उत्पादन में कटौती नहीं की जाती, कीमतों में सुधार के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

अमेरिकी टैरिफ की शुरूआत, विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रम्प की उतार-चढ़ाव वाली टैरिफ नीतियों ने बाजार में महत्वपूर्ण अस्थिरता और निवेशक अनिश्चितता पैदा की है। अमेरिकी डॉलर कमजोर हुआ, जिससे यूरो में वित्तीय संकट के बाद से सबसे बड़ी साप्ताहिक वृद्धि हुई। यूरोप में, शेयर बाजारों में गिरावट आई, जो जर्मनी में नरम फैक्टरी डेटा और टैरिफ-संबंधी चिंताओं से बढ़ी व्यापक आर्थिक चिंताओं को दशार्ती है।

वैश्विक व्यापार तनावों ने चीन को भी प्रभावित किया है, बढ़ते व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच इसके आयात में काफी गिरावट आई है, जिससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर और असर पड़ा है। रूस के उप प्रधानमंत्री की टिप्पणियों के बाद कीमतों में थोड़ी तेजी देखी गयी, जिसमें सुझाव दिया गया कि ओपेक+ तेल उत्पादन बढ़ाने के अपने फैसले को पलट सकता है। अप्रैल में अधिक तेल पंप करने की योजना के बावजूद, ब्रेंटक्रूड की कीमतें 71 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो गयीं। अपने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को फिर से भरने के लिए 20 बिलियन डॉलर का तेल खरीदने के अमेरिकी इरादे ने भी कीमतों को बढ़ाया। अपने उत्पादन में वृद्धि के बाद उत्पादन में कटौती करने की कजाकिस्तान की प्रतिज्ञा ने बाजार की जटिलता को और बढ़ा दिया। लेकिन यह बरकरार नहीं रह सका क्योंकि संभावित तेल की अधिकता और अमेरिकी आर्थिक स्वास्थ्य और व्यापार शुल्कों के प्रभाव को लेकर चिंता बनी रही।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिकी विकास और चीनी मांग अनिश्चित हैं। 2025 की शुरूआत में चीन के तेल आयात में 5 प्रतिशत की गिरावट आयेगी। इसके बावजूद, एक छोटा चीनी भंडार कीमतों में महत्वपूर्ण गिरावट को रोक सकता है। ईरान के खिलाफ हाल ही में अमेरिकी नीतिगत उपायों के बावजूद, जिसमें उसके तेल निर्यात को रोकने की योजना भी शामिल है, ओपेक+ और गैर-ओपेक उत्पादकों से आपूर्ति में वृद्धि के कारण बाजार में गिरावट का जोखिम है। ओपेक+ ने अप्रैल से प्रतिदिन 138,000 बैरल उत्पादन वृद्धि की घोषणा की, जिससे आपूर्ति की अधिकता की चिंता बढ़ गयी।

मेक्सिको और केनडा पर अमेरिकी टैरिफ की धमकियों और ओपेक+ द्वारा अप्रैल में उत्पादन फिर से शुरू करने की योजना की पुष्टि के कारण कीमतों में गिरावट आई है। टैरिफ, जो शुरू में प्रभावी होने वाले थे, अब स्थगित कर दिये गये हैं, जिससे कीमतों में थोड़ी तेजी आई है, लेकिन कच्चे तेल पर दबाव बना हुआ है। केनडा के जवाबी टैरिफ अभी भी लागू हैं और चीन अगले सप्ताह जवाबी टैरिफ पर कार्रवाई करेगा। बाजार आपूर्ति में कमी का भार महसूस कर रहा है, जबकि ओपेक+ बैरल पहले से ही अच्छी आपूर्ति वाले सिस्टम में बाढ़ ला रहे हैं, जिससे किसी भी सार्थक मूल्य सुधार पर रोक लगी हुई है। ओपेक+ मांग के स्थिर रहने पर भरोसा कर रहा है, लेकिन इस समय और अधिक तेल आपूर्ति बढ़ाने से बाजार का संतुलन बिगड़ने का जोखिम है और बाजार के कंटैंगो (कोमोडिटीफ्यूचर्स का मूल्य स्पॉट मूल्य से अधिक होने की स्थिति) में पलटने का जोखिम है। टैरिफ की धमकियों ने बाजारों में हलचल मचा दी, न केवल संभावित व्यापार व्यवधानों के कारण, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में भी जवाबी कार्रवाई की आशंकाओं के कारण।

जबकि टैरिफ में देरी ने थोड़ी राहत की सांस दी है, बाजार अभी भी नीति अनिश्चितता और अति आपूर्ति चिंताओं के बीच एक कठिन राह पर चल रहा है। ओपेक+ को अब एक उच्च-दांव संतुलन कार्य का सामना करना पड़ रहा है- सदस्य राज्यों को अधिक राजस्व की आवश्यकता है, लेकिन यदि आपूर्ति मांग से अधिक हो जाती है, तो कीमतों पर और भी अधिक दबाव आ सकता है।

## खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म

# रूस-यूक्रेन युद्धविराम की स्क्रिप्ट भारत में लिखी जाएगी?

**(एजेन्सी)।**

**नई दिल्ली।** अमेरिका की नेशनल इंटेलिजेंस डॉयरेक्टर तुलसी गबार्ड जल्द ही भारत आएंगी। तुलसी गबार्ड इंडो पेसेफिक दौरे पर रवाना हुई हैं। जापान, थाईलैंड के बाद उनका भारत दौरा होगा। गबार्ड ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में घोषणा की कि वो जापान, थाईलैंड और भारत की यात्रा कर रही हैं और अमेरिका लौटते समय फ्रांस भी जाएंगी। तुलसी गबार्ड ने अपने इस दौरे की शुरूआत प्रशांत महासागर में मौजूद अमेरिकी द्वीप हवाई की राजधानी होनूलुलू से की। जहां उन्होंने इंटेलिजेंस कम्युनिटी के लोगों से मुलाकात की। तुलसी गबार्ड का भारत दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है जब पहले से ही अमेरिका और चीन में माहौल बिगड़ता दिखाई दे रहा। जो रिपोर्ट्स सामने आई हैं उसके मुताबिक वो रायसीना सम्मेलन में भाग लेंगी और भारतीय सुरक्षा अधिकारियों से मिलेंगी। चर्चा का केंद्र बिंदु, साइबर सिक्योरिटी, काउंटर टेररिज्म, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस पर होगा। गबार्ड के दौरे में थाईलैंड, जापान और फ्रांस में रूकना शामिल है।

ट्रंप प्रशासन यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध विराम के लिए दबाव बना रहा है। कीव सरकार पर युद्ध समाप्त करने के लिए रियायतें देने का दबान बना रहा है। रायसीना सम्मेलन में अक्सर रूस के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी शामिल होते हैं। ऐसे में गबार्ड रूसी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकती हैं।

आपको बता दें कि ये तुलसी गबार्ड की दूसरी अंतरराष्ट्रीय यात्रा है। एक महीने पहले ही वो म्युनिक सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी गई थी।

# पाक सेना के जवानों से भरी ट्रेन को बीएलए ने कैसे किया हाईजैक

**(एजेन्सी)।**

**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान से एक होश उड़ा देने वाली खबर सामने आई है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान पर सबसे बड़ा हमला कर दिया है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि बलूचिस्तान अपनी आजादी के बेहद नजदीक पहुंच गया है। अब तो अमेरिका तक ने एक बड़ा ऐलान कर दिया है।

बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान की एक ट्रेन जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया है। इस ट्रेन में पाकिस्तान के 450 लोगों को बंधक बना लिया गया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान की सेना ने जरा सी भी हरकत करने की कोशिश की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा। बलूचिस्तान के कच्छी जिले के माच टाउन के आब-ए-गम इलाके के पास ट्रेन को हाईजैक किया गया है। खबर के मुताबिक, करीब छह हथियारबंद लोगों ने ट्रेन पर गोलीबारी की, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। जानकारी के अनुसार, बीएलए का मुकाबला करने के लिए पाक सेना एयर स्ट्राइक की तैयारी कर रही है और एयर एसेट तैनात किए गए हैं।

ट्रेन हाईजैक करते हुए बलूच आर्मी ने पाकिस्तान के 11 सैनिकों को मार दिया है। सबसे हैरान करने वाली बात तो ये है कि इस ट्रेन में पाकिस्तान की सेना, पाकिस्तान की पुलिस और पाकिस्तान के आतंकवाद निरोधक दल के अफसर व आईएसआई के अधिकारी भी बैठे हैं।

बताया जा रहा है कि इस ट्रेन में बैठे पाकिस्तान के अधिकारियों की संख्या 182 से ज्यादा है। ये सभी अफसर छुट्टी मनाने के लिए पाकिस्तानके पंजाब प्रांत में जा रहे थे। बलूचों ने ट्रेन में बैठे इन पाकिस्तानी अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि जरा सी हरकत की तो सभी यात्रियों को मार दिया जाएगा।

खबर सामने आ रही है कि बलूच आर्मी ने इस ट्रेन से महिलाओं और बच्चों को रिहा कर दिया है। बलूच लिबरेशन आर्मी की फिदायिन आर्मी और मजीद ब्रिगेड इस मिशन को लीड कर रही है। गौर करने वाली बात ये है कि कुछ दिन पहले ही बलूच आर्मी ने ऐलान किया था कि वो पाकिस्तान पर अपने हमले के तरीकों को बदल देगा। कुछ दिन पहले ही बलूचिस्तान और सिंध प्रांत के पांच संगठनों ने पाकिस्तान और चीन के खिलाफ हाथ मिला लिया था। इनमें तीन संगठन बलूचिस्तान के हैं और दो संगठन सिंध प्रांत के हैं।

मकसद साफ है बलूचिस्तान और सिंध प्रांत को पाकिस्तान से अलग करना और काम शुरू भी हो चुका है। कुछ दिन पहले पाकिस्तान की संसद में भी बयान दिया गया था कि बलूचिस्तान से पांच से सात प्रांत खुद को आजाद घोषित करने वाले हैं।

# बॉलीवुड ने मेरे खिलाफ साजिशें रची हैं: गोविंदा

**(एजेन्सी)।**

**कई** दिनों से सोशल मीडिया पर गोविंदा सुर्खियों में बनें हुए है। हाल ही में पत्नी सुनीता से तलाक लेने की खबरें सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई थी। जिसके बाद गोविंदा की पत्नी ने तलाक अटकलों को झूठा और बेबुनियाद बताया था और कहा था कि- 'इस दुनिया में किसी में कोई ताकत नहीं जो मुझे और गोविंदा को अलग कर सके।' इस बीच, फिर से गोविंदा सुर्खियों में आ गए है। दरअसल, गोविंदा ने मुकेश खन्ना को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें 100 करोड़ रुपये की फिल्म ठुकराने का पछतावा है। इतना ही नहीं, गोविंदा ने यह तक कह दिया कि फिल्म इंडस्ट्री में कई लोग जानबूझकर उनकी इज्जत मिट्टी में मिलाने की कोशिश कर रहे हैं। एक्टर का यह दावा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हाल ही में गोविंदा ने मुकेश खन्ना के यूट्यूब चैनल भीष्म इंटरनेशनल पर बात करते हुए गोविंदा ने कहा कि, जब वे लिख रहे थे कि मेरे पास काम नहीं है, तो मैंने 100 करोड़ की फिल्म छोड़ दी थी। मेरा मन कर रहा था कि मैं खुद को शीशे में देखकर खुद को थप्पड़ मारूं। मैंने खुद के साथ ईमानदार होना और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनना महत्वपूर्ण है। गोविंदा ने उस समय को याद किया है जब इंडस्ट्री में कथित तौर पर उनकी बदनामी की गई थी। एक्टर ने दावा किया कि उनपर किए सारे अटैक प्री-प्लान्ड थे। उन्होंने कहा, मैं बदनामी के दौरे से गुजरा और यह पहले से तय था। वे मुझे फिल्म इंडस्ट्री से हटाना चाहते थे।

मैं समझ गया कि मैं एक अनपढ़ व्यक्ति हूं, जो शिक्षित लोगों के बीच में आ गया हूं और वे मुझे हटाना चाहते हैं। मैं उनका नाम खराब नहीं कर सकता लेकिन मुझे नहीं पता था कि वे किस हद तक जा सकते हैं। मेरे खिलाफ साजिशें शुरू हुईं। लोग मेरे घर के बाहर बंदूक लेकर पकड़े गए। इन सभी साजिशों के बाद मेरा स्वभाव बदल गया। इतना ही नहीं, टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में गोविंदा ने कहा था कि, अपने आर्थिक संघर्ष और इंडस्ट्री द्वारा कथित दुर्व्यवहार के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा, पिछले 14-15 सालों में मैंने पैसे निवेश किए और करीब 16 करोड़ रुपये गंवाए।

गोविंदा ने कहा कि मेरे साथ इंडस्ट्री के कुछ लोगों ने बुरा व्यवहार किया। मेरी फिल्मों को थिएटर नहीं मिले और वे मेरा करियर बर्बाद करना चाहते थे, जो नहीं हुआ। जब उनसे पूछा गया कि क्या बॉलीवुड में उनके खिलाफ कोई साजिश हुई थी, तो उन्होंने कहा, हां, बिल्कुल हुई। जैसा कि वे कहते हैं, अपने भी पराए हो जाते हैं। अगर किस्मत आपके साथ नहीं है, तो आपके अपने लोग भी आपके खिलाफ हो जाते हैं।

# बाजार में होली की धूम, रंगों से लेकर पिचकारी खरीदने उमड़ रहे लोग

**(एजेन्सी)।**

**रंगों** के त्यौहार में अब केवल तीन दिन बचे हैं, ऐसे में पूरे देश से लोग रंग और पिचकारियाँ खरीदने के लिए बाजारों में उमड़ पड़े हैं। बाजार 'गुलाल' और 'अबीर' के साथ-साथ पिचकारियों की खरीदारी करने वालों से गुलजार हैं, जो रंग-बिरंगे पानी को छिड़कने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पारंपरिक पानी की बंदूकें हैं।

घरों को आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है, और देशभर में रसोई में गुजिया जैसी मिठाइयां तैयार की जा रही हैं। लोग अपने त्यौहार की जरूरी चीजें जमा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के अयोध्या से भी ऐसी ही तस्वीरें सामने आई हैं, जहां बाजारों में होली की तैयारियां चल रही हैं और लोग त्योहार से संबंधित खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ रहे हैं। सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर में रंगभरी एकादशी उत्सव के दौरान भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। यह जीवंत कार्यक्रम होली उत्सव की शुरूआत का प्रतीक है और होली के मुख्य उत्सव से पांच दिन पहले मनाया जाता है। इस खुशी के अवसर पर भाग लेने वाले लोगों के साथ माहौल रंग, भक्ति और उत्साह से भर जाता है।

इस बीच, रविवार को नंदगांव में पारंपरिक 'लट्ठमार' होली उत्सव शुरू हो गया, जो मथुरा में सप्ताह भर चलने वाले होली समारोह की शुरूआत है। बड़े उत्साह के साथ मनाया जाने वाला यह अनोखा और जीवंत उत्सव भगवान कृष्ण और राधा की किंवदंतियों में गहराई से निहित है। लोककथाओं के अनुसार, लट्ठमार होली कृष्ण के गांव नंदगांव और राधा के गांव बरसाना के बीच होने वाले चंचल आदान-प्रदान का प्रतीक है। ऐसा माना जाता है कि कृष्ण अपने दोस्तों के साथ बरसाना में राधा और उनकी सखियों को चिढ़ाने आए थे, जिसका जवाब उन्होंने लाठी लेकर उन्हें भगाकर दिया था।

# कंगाली की हालात में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, महज 10 हजार मैच फीस

**(एजेन्सी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर कंगाली छाने का खतरा बढ़ गया है। जिस कारण उसने अपने घरेलू क्रिकेट में खिलाड़ियों की मैच फीस में कटौती सहित कॉस्ट कटिंग का फैसला किया है। जिससे पीसीबी की वित्तीय हालात पर सवाल उठ रहे हैं। पीसीबी ने नेशनल टी20 चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले क्रिकेटर्स की मैच फीस 100,000 रुपये प्रति मैच से घटाकर महज 10 हजार प्रति मैच कर दी है। रिजर्व खिलाड़ियों को 5000 रुपये प्रति मैच मिलेंगे। टूनार्मेंट 14 मार्च से शुरू हो रहा है। मैच फीस में कटौती से खिलाड़ी परेशान हैं। बोर्ड घरेलू क्रिकेट के विकास पर कम खर्च करने पर भी विचार कर रहा है।

पीटीआई के सूत्रों के अनुसार, पीसीबी में घरेलू क्रिकेट के प्रमुख अब्दुल्ला खुर्रम नियाजी पिछले कुछ महीनों से घरेलू खिलाड़ियों के लिए सुविधाओं में कटौती कर रहे हैं। सूत्र ने कहा कि, जिन खिलाड़ियों को पहले पांच सितारा और चार सितारा होटल में रहने की सुविधा दी जा रही थी, अब उन्हें सस्ते होटल में रहने की सुविधा दी जा रही है। फीस के अलावा उनके लिए हवाई यात्रा का खर्च भी कम कर दिया गया है।

एक अन्य सूत्र ने कहा कि खिलाड़ियों और अंपायरों को पिछले सीजन का बकाया भुकतान अभी तक नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त पीसीबी ने बोर्ड की नीति के अनुसार पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वार्षिक पेंशन वृद्धि को अभी तक लागू नहीं किया है। एक सूत्र ने कहा कि विडंबना है कि जहां खिलाड़ियों की मैच फीस कम की जा रही है, वहीं ये निर्णय लेने वाले अधिकारियों को लाखों में मासिक वेतन मिल रहा है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली मेट्रो अलाइमेंट की बैठक



संजना भारती संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीतापुरा (गोनेर मोड़) से अंबाबाड़ी (टोडी मोड़) तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर (फेज-2) की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का कार्य 31 मार्च, 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर के सिविल कार्यों के टेंडर 15 अगस्त से पहले जारी हो और परियोजना का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

श्री शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मेट्रो अलाइमेंट के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जयपुर में मेट्रो सेवा के विस्तार पर गंभीरता से कार्य कर रही है। हमारी मंशा है कि भविष्य के आवश्यकता को देखते हुए जयपुर के सभी क्षेत्र मेट्रो से कनेक्ट हो।

मुख्यमंत्री ने फेज-2 के अंतर्गत सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक मेट्रो संचालन का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस परियोजना से प्रतापनगर, टोंक रोड़, सीकर रोड, विद्याधर नगर, सीतापुरा जैसे क्षेत्र मेट्रो सेवा से जुड़ेंगे और बड़ी संख्या में आमजन को मेट्रो की सुगम एवं द्रुतगामी परिवहन सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने अधिकारियों को सीतापुरा-अंबाबाड़ी मेट्रो कॉरिडोर पर प्रस्तावित स्टेशन्स पर समुचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने यात्री सुविधा के दृष्टिगत स्टेशन्स को पोड टैक्सी सिस्टम्स से कनेक्ट करने के निर्देश भी दिए। श्री शर्मा ने मेट्रो रूट के अलाइमेंट पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

बैठक में मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने मेट्रो परियोजना के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार और जेएमआरसी की संयुक्त उद्यम कम्पनी से प्रदेश की निमार्णाधीन एवं भविष्य की सभी मेट्रो रेल परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव श्री आलोक गुप्ता, जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सीएमडी श्री वैभव गालरिया, जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती आनंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# 27 अप्रैल को दिल्ली में कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का होगा आयोजन

एसबी ब्यूरो

**मंसूरचक।** भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह, पौधा वितरण, पुस्तक विमोचन 27 अप्रैल 2025 को गांधी शांति प्रतिष्ठान भवन दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इसमें आने वाले आमंत्रित वरीय साहित्यकार गिरिजा शर्मा नटखट जम्मू एंड कश्मीर से पधार रही हैं। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापिका रेखा शर्मा 'स्नेहा' ने देश-विदेश से साहित्यकारों का आह्वान किया है। इसमें देश के बहुत सारे साहित्यकारों की स्वीकृति प्रदान हुई है। यह संस्था द्वारा आयोजित सातवाँ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा। संस्थापिका एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा शर्मा 'स्नेहा' के द्वारा वरिष्ठ साहित्यकारों का



हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आप संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं। 8809523091 कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रदीप मिश्रा अजनबी मेरठ वर्तमान नोएडा उत्तरप्रदेश से आप सभी का स्वागत करेंगे।

# फूलों व सूखे रंगों से खेले होली : मुक्तानंद महाराज

एसबी विशेष संवाददाता

**करनाल।** सेक्टर-13 स्थित गीता मंदिर में होली के उपलक्ष्य में रामचरितमानस एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। इस मौके पर मंदिर में होली भी खेली गई। बड़ी संख्या में भक्तजनों ने मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और रामचरित्र मानस व सुंदर कांड पाठ किया। पाठ के



बाद मुक्तानंद जी महाराज द्वारा सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर मुक्तानंद जी महाराज ने कहा कि रामचरित मानस एवं सुंदरकांड पाठ करने और सुनने से मानसिक शांति, आत्मविश्वास, और जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसलिए हमें रामचरित मानस के सुंदरकांड का पाठ करना चाहिए और अपने बच्चों को भी प्रभु से जोडकर अच्छे संस्कार देने चाहिए। मुक्तानंद जी महाराज ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। हमें सभी बुराईयों को छोडकर भक्त प्रलाहद की तरह अपना जीवन प्रभु स्मरण में लगाना चाहिए। जिस तरह प्रहलाद ने प्रभु पर दृड़ विश्वास बनाए रखा। हमें भी प्रभु पर दृड़ विश्वास रखना चाहिए। वहीं मुक्तानंद जी महाराज ने संदेश देते हुए कहा कि होली पानी से ना खेलकर फूलों व सूखे रंगों से खेले, ताकि पानी की बचत हो और हम केमिकल के नुकसान से भी बचें रहे। मुक्तानंद जी महाराज ने सभी को रंगों के त्योहार होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## मानवीय संवेदना का उदाहरण

# डीएम ने किडनी प्रत्यारोपण मरीज का आधे घंटे में करवाया आवासीय सत्यापन

एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय

**हाजीपुर।** जिलाधिकारी, यशपाल मीणा के प्रयास से किडनी प्रत्यारोपण की एक महिला मरीज का आपरेशन के पूर्व दस्तावेज सत्यापन का काम महज आधे घंटे में हो गया। अस्पताल में भर्ती हाजीपुर जौहरी बाजार की महिला रेणु प्रसाद के स्वजन इस काम के लिए लगभग दस दिनों से विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगा रहे थे। डीएम तक यह बात पहुंचते ही वे मानवीय संवेदना दिखाते हुए खुद ही सक्रिय हो गए और अधिकारियों को निर्देश देकर महिला के आवासीय दस्तावेज सत्यापन का काम महज आधे घंटे में पूरा कराकर उन्हें सौंप दिया।

इस संबंध में किडनी प्रत्यारोपण के लिए अस्पताल में भर्ती हाजीपुर जौहरी बाजार की महिला रेणु प्रसाद के देवर ने




बताया कि उनके आपरेशन के पहले कागजी प्रक्रिया पूरी करने के दौरान आवासीय सत्यापन जरूरी था। इसके लिए वह लगभग दस दिनों से विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगा रहे थे। इस कारण आपरेशन में विलंब हो रहा था। इस पर वह जिलाधिकारी, यशपाल मीणा से मिलकर अपनी समस्या रखी। जिलाधिकारी ने तुरंत इस पर संज्ञान लिया और अपने माध्यम से अंचलाधिकारी को खबर कराकर आधे घंटे में ही आवासीय सत्यापन का काम करा दिया।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अंचलाधिकारी, हाजीपुर एक शिविर से निकलकर तुरंत ही समाहरणालय पहुंची और महिला मरीज रेणु प्रसाद के आवासीय सत्यापन दस्तावेज पर अपना हस्ताक्षर बनाकर कागजी प्रक्रिया पूरी करा दी। मरीज के देवर ने जिलाधिकारी, यशपाल मीणा के इस मानवीय संवेदना के कार्य पर पूरे परिवार आभार जताया और उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मंडलीय समीक्षा बैठक गांधी सभागार में संपन्न



एसबी संवाददाता/मनोज कुमार बिन्द

**प्रयागराज।** सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी ली गई तथा सभी जनपदों में चाइल्ड डेथ को रोकने के दृष्टिगत उनके कारणों को समझने तथा उनके निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को टीकाकरण एवं किसी भी सीएचसी अथवा पीएचसी में दवाओं की आपूर्ति में कमी न होने पाए यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

शासन की मंशा के अनुरूप सरकारी डॉक्टरों को प्राइवेट प्रैक्टिस करने से रोकने हेतु सभी सरकारी डाक्टरों एवं नर्सिंग होम से एफिडेविड लेने के पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में अभी तक कितने लोगों ने एफिडेविड दे दिए हैं उसकी जानकारी भी ली गई तथा जिन्होंने अभी तक नहीं दिए हैं उनसे अति शीघ्र एफिडेविड लेने को कहा गया। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अपने अपने तहसील के एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार कोर्ट पर पेंडिंग केसेज के निस्तारण हेतु अभियान चलाते हुए संबंधित अधिकारियों को मासिक डायरी मेंटेन करने के भी निर्देश दिए जिसके अंतर्गत कोर्ट वाले दिन यदि किसी कारण वश कोर्ट का काम बाधित होता है तो सम्बंधित अधिकारी उसपर एंट्री कर कारण लिखे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि होली के बाद वह सभी जनपदों में औचक निरीक्षण कर वहां पर रिकॉर्ड रूम, कोर्ट के दस्तावेजों, जनता दर्शन तथा योजनाओं संबंधित रजिस्टरों का मुआयना करेंगे।

साथ ही सभी जिलों के उपस्थित अपर जिला अधिकारियों को अपने जनपद की कोई भी दो तहसीलों को चुनकर वहां पर कोर्ट के लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु विस्तृत निरीक्षण करने के निर्देश दिए जिसके अंतर्गत बंटवारा, धारा 24, धारा 80 तथा कितने डिस्प्यूटेड केसेस पर जजमेंट दिया जा चुका है एवं कितने अनडिस्प्यूटेड केसेज 45 दिन के बाद भी लंबित हैं उनकी एक आख्या बनाकर वित्तीय वर्ष खत्म होने के पश्चात एप्रैल फर्स्ट वीक में उनके समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत मंडल के कुल वार्षिक लक्ष्य 6000 के सापेक्ष बैंकों को 5691 प्रेषित आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रयागराज में 3000 के सापेक्ष 779 तथा कौशांबी में 1000 के सापेक्ष सिर्फ 484 आवेदनों को बैंक में प्रेषित किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु कार्य करने के निर्देश दिए।

# आगामी होली पर्व, ईद व रामनवमी पर्व को लेकर हथौड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

## ■ शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली, ईद व रामनवमी पर्व-थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार

संजना भारती संवाददाता
अर्जुन कुमार झा

**समस्तीपुर।** होली पर्व व ईद व रामनवमी पर्व के अवसर पर हथौड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार व अंचलाधिकारी शिवाजीनगर वीणा कुमारी के साथ संयुक्त शांति समिति की बैठक थाना के पुलिस पदाधिकारी, राजनीतिक दल एवं जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हिन्दू भाई लोगो का होली पर्व और मुसलमान भाई लोगो का जुम्मा एक ही दिन शुक्रवार को है। इसलिए बैठक को सम्बोधित करते हुये थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने कहा कि होली पर्व और जुम्मा को देखते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराते हुये शांति व्यवस्था के लिये पुलिस केंद्र समस्तीपुर से पुलिस फोर्स की मांग किया गया है। पुलिस फोर्स आने के बाद थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी को फोर्स के साथ हथौड़ी थाना क्षेत्र में अलग अलग भागो में बांट कर सबेरे से ही पुलिस गश्त करते रहेंगे।ताकि किसी भी प्रकार का कोई उपद्रव व शांति भंग ना हो सके। अगर



## ■ शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा का पर्व है होली, होली समाज को दें एक नया संदेश-सीओ वीणा कुमारी

किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका अथवा शांति भंग होने पर इसकी सूचना तुरंत थाना को देने की अपील किये। ताकि सही समय पर आशांति फैलाने वालों पर उचित कार्रवाई की जा सके। तथा उन्होंने आगे कहा कि इसबार होली में डीजे पर अश्लील गाना बजाना पूर्णतःप्रतिबंध रहेगा। वहीं शराब कारोबारियों, नशेड़ियों, उपद्रवियों, हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पौनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि होली पर्व शांति सौहार्द व आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले से गले मिलाने का पर्व है। सभी लोग शांति सौहार्द के साथ होली पर्व मनावे। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचलाधिकासरी वीणा कुमारी ने कहा कि शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा के साथ मनाएं होली पर्व। साथ ही उन्होंने युवाओं से अपील करते हुये कहा कि इस होली के अवसर पर समाज में एक नया संदेश दें। ताकि लोगों में अमन चैन और आपसी प्रेम बरकरार रहे।


बैठक में अंचलाधिकारी वीणा कुमारी, थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, एसआई मुखराम सिंह, मुखिया भरत सिंह, सरपंच रविन्द्र चौधरी, जयकुमार मंडल, चन्द्रशेखर राउत सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी उपस्थित थे।

# विधानसभा नियमों और संसदीय परंपराओं की गरिमा दिल्ली में फिर से हुई बहाल : विजेंद्र गुप्ता

संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष श्री विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल द्वारा दिल्ली की 8वीं विधानसभा के पहले सत्र को समाप्त करने और दूसरे सत्र को 24.03.2025 से 28.03.2025 तक बुलाने के आदेश से संविधान, विधानसभा नियमों और संसदीय परंपराओं की गरिमा दिल्ली में फिर से बहाल हो गई है। पिछली आप सरकार ने संवैधानिक प्रावधानों, विधायी प्रक्रियाओं और संसदीय परंपराओं की खुली अवहेलना करते हुए दिल्ली विधानसभा को एक दिखावटी मंच बना दिया था। आमतौर पर, भारत की संसद और सभी राज्य विधानसभाओं में हर साल तीन सत्र होते हैं-बजट सत्र, मानसून सत्र और शीतकालीन सत्र। इसके अतिरिक्त, विशेष परिस्थितियों में कभी-कभी विशेष सत्र भी बुलाए जाते हैं। लेकिन 2020 से 2025 तक के पांच साल के कार्यकाल में सातवीं दिल्ली विधानसभा ने केवल चार सत्र आयोजित किए, और कुछ मामलों में बिना विधानसभा को औपचारिक रूप से समाप्त किए ही सत्र बुलाए गए, जिनका उपयोग संवैधानिक संस्थाओं और अन्य राज्य सरकारों की आलोचना के लिए किया गया। अब नई सरकार के सत्ता में आने के बाद, विधानसभा की गरिमा और प्रतिष्ठा बढ़ी है।

# प्रयागराज यमुनानगर खीरी थाना पुलिस प्रशासन के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च



एसबी संवाददाता/मनोज कुमार बिन्द

**यमुनापार, प्रयागराज।** आगामी त्यौहार होली और रमजान के मद्देनजर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने हेतु डीसीपी विवेक चंद्र यादव के नेतृत्व में घूरपुर, जारी, नारीबारी, खीरी, कोरांव, मेजा, करछना, कौंधियारा आदि जगहों पर पुलिस प्रशासन के दो दर्जन से अधिक गाड़ियों व सैकड़ों बाइक सवार पुलिस कर्मी काफिले के साथ रूट मार्च किया। कहीं कहीं फ्लैग मार्च भी किया गया। बता दें कि पुलिस प्रशासन का काफिला थाना खीरी के खपटिया राइस मील से लेकर खीरी बाजार होते हुए लेंडियारी बाजार, कोरांव बाजार और मेजा को प्रस्थान किया।

उक्त कार्यक्रम में डीसीपी विवेक चंद्र यादव, एसीपी विवेक कुमार यादव, एसीपी संतलाल सरोज, एसीपी रवि गुप्ता, एसीपी वरुण कुमार समेत कई थानों की एसएचओ, एस आई व कांस्टेबल मौजूद रहे।

# होली पर्व को लेकर खानपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

## ■ शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा का पर्व है होली, इस होली समाज को दें एक नया संदेश-जिला पार्षद

संजना भारती संवाददाता
अर्जुन कुमार झा

**समस्तीपुर।** खानपुर होली पर्व के अवसर पर खानपुर थाना परिसर में प्रखण्ड शांति समिति की बैठक अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी की अध्यक्षता में संयुक्त बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी खानपुर विजय चंद्रा, अंचलाधिकारी खानपुर मनीष कुमार, खानपुर थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी, राजनीतिक दल एवं संगठन के प्रतिनिधियों के उपस्थिति में की गई शांति समिति की बैठक।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हिन्दू भाई लोगो का होली पर्व और मुसलमान भाई लोगो का जुम्मा एक ही दिन शुक्रवार को है। इसलिए अपर थानाध्यक्ष पुलिस चौधरी ने कहा कि होली पर्व और जुम्मा को देखते हुये पुलिस अधीक्षक महोदय को अवगत कराते हुये शांति व्यवस्था के लिये पुलिस केंद्र समस्तीपुर से पुलिस फोर्स की मांग किया गया है।पुलिस फोर्स आने के बाद थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी को फोर्स के साथ खानपुर थाना क्षेत्र को तीन भागो में बांट कर सबेरे से ही पुलिस गश्त लगायेंगे। अगर किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका अथवा शांति भंग होने पर इसकी सूचना तुरंत थाना को देने की अपील किये। तथा उन्होंने कहा कि इस होली में डीजे पर अश्लील गाना बजाना पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। वहीं शराब कारोबारियों, नशेड़ियों, उपद्रवियों, हुड़दंग





करने वालों पर पुलिस की पौनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि होली पर्व शांति सौहार्द व आपसी भाईचारे के एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले से गले मिलाने का पर्व है। सभी लोग शांति सौहार्द के साथ होली पर्व मनावे।

वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह ने कहा कि शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा के साथ मनाएं होली पर्व। साथ ही युवाओं से कहा कि इस होली के अवसर पर समाज

## ■ शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली-थानाध्यक्ष

में एक नया संदेश दें। ताकि लोगों में अमन चैन और आपसी प्रेम बरकरार रहे।

बैठक में जिला पार्षद स्वर्णिमा सिंह, एसआई सुबोध कुमार, एएसआई अतुल कुमार, एएसआई अनिल कुमार, एसआई पूनम कुमारी, भाजपा उत्तरी मंडल के अध्यक्ष अजय कुमार कुशवाह, भाजपा दक्षिणी मंडल के अध्यक्ष बम भोला सिंह, लोजपा नेता पिंटू कुमार सिंह, सरपंच रामाश्रय सिंह, मुखिया अरुण कुमार सिंह, निरंजन राय, सूरज कुमार यादव, त्रिपुरारी झा, भाजपा नेता शिवशंकर चौधरी, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष राम नारायण सिंह, विश्व हिंदू परिषद् के प्रखण्ड अध्यक्ष बीरेंद्र फर्णाण्डिश, भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह एवं दीपक सहनी सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, बुद्धिजीवी आम आवाम उपस्थित थे।

# क्राइम ब्रांच ने अफीम तस्कर को किया काबू, 1 किलो 13 ग्राम अफीम बरामद, आरोपी 6 दिन के पुलिस रिमांड पर

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने जिला में नशा पर पुर्ण रूप से लगाम लगाने हेतु कड़े निर्देश दिए है। इसके अलावा जिला को नशा मुक्त बनाने को लेकर 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव मेरी शान अभियान' के तहत जिला में लोगों को नशे से बचने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। साथ ही ड्रग तस्करी में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए है।

दिनांक 10.03.2025 को क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने टीम के साथ मिलकर अफीम तस्कर को काबू करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राम स्वरूप पुत्र काशी राम वासी जिला बरेली




उतरप्रदेश उम्र 49 साल के रुप में हुई है। पुलिस को गुप्त सुत्र से सूचना मिली थी कि एक युवक अफीम बेचने का काम करता है और वह आज एप्पल मन्डी सैक्टर 20 पचकुला से आगे जीरकपुरझकालका मैन हाईवे की तरफ अफीम लेकर जीरकपुर मे किसी को बेचने के लिऐ जा रहा है टीम ने बताये गए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को घेरा ड़ालकर काबू किया। तलाशी लेनें पर आरोपी के पास से 1 किलो 13 ग्राम अफीम बरामद की गई। जिस बारे पूछताछ करने पर आरोपी कोई लाइसेंस आदि पेश नहीं कर सका।

आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में एनडीपीएस की धारा 18 के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस पकडे गए आरोपी के जरिये मुख्य ड्रग माफिया तक पहुंचने की कोशिश करेगी।

# पंचकूला पुलिस ने 2 मोस्ट वांटेड ईनामी बदमाशों को किया काबू

एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार

**पंचकूला।** पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के नेतृत्व में पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच व थाना स्तर की टीमे जिला को अपराध मुक्त बनाने के लिए एकजुट होकर लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जिस कडी में डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने 2 मोस्ट वांटेड़ अपराधियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। दोनों पर 5000 का ईनाम धोषित था। पुलिस को दोनों की काफी समय से तलाश थी। डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह की अगुवाई में साजिद खान उर्फ तेजा पुत्र लालदिन उम्र 27 साल वासी गांव नयागांव जिला यमुनानगर को दिनांक 10.03.2025 को सब्जी मंडी बरवाला से काबू किया व दूसरे आरोपी सुलतान पुत्र जरीब हसन उम्र 24 साल वासी गांव खांडरा जिला यमुनानगर को आज सुबह गांव पारवाला से गिरफ्तार किया गया है। घटना पिछले वर्ष 20 सितंबर की है जिसमें हुई बाइक सवार युवकों द्वारा रायपुररानी के भरैली गांव में की गई गोलाबारी में दो युवक गोल्डी व दिनेश को गोली लगी थी। पुलिस ने इस मामले में दो मोस्ट वांटेड ईनामी बदमाशों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी साजिद ने इससे पहले गिरफ्तार हुए आरोपी के प्रबंध हेतु आईडी मुहैया करवाई थी इसके अलावा अन्य आरोपियों को पनाह भी दी थी और आरोपी सुल्तान ने घटनाक्रम से पहले रैकी की थी। इस मामले इन दोनों को मिलाकर अब तक कुल 8 आरोपी गिरफ्तार हो चुके है।

दोनों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 109(1), 3(5), 61 व आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया है। आज दोनों को माननीय अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

रिमांड के दौरान आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी।

# विधायक जगमोहन आनंद ने विकास कार्यों के लिए सीएम और प्रदेश सरकार का किया धन्यवाद

## ■ विधायक जगमोहन आनंद ने हरियाणा विधानसभा में गुनगुनाई कविता की पंक्तियां



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने मंगलवार को हरियाणा विधानसभा में कविता की पंक्तियां गुनगुनाई। उन्होंने बजट सत्र के अवसर पर राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान अपना वक्तव्य देते हुए उन्होंने हरियाणा सरकार के विकास कार्यों पर मुख्यमंत्री और प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सौम्य व्यक्तित्व, कर्मठत के लिए एक कविता गुनगुनाई। जिसके शब्द थे कि- मुझे आगे बढ़ना है सूरज की तरह चमकना है, मुझे खुद से लड़ना है तारों की तरह चमकना है, मुझे अब ना किसी से डरना है, सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ना है, मुझे अब नया वक्त बनाना है, मुझे मेरा हरियाणा निखारना है, मुझे आगे बढ़ना है, मुझे बार-बार प्रयास करना है, मुझे प्रदेश को आगे बढाना है, सूरज की तरह हरियाणा को चमकाना है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा जो सबसे पहले सबसे गरीब के उत्थान की बात कही गई है, उसका मैं हदय से अभिनन्दन करता हू। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन पर चलते हुए सभी पिछड़े और वंचित वर्गों के कल्याण और उत्थान के लिए जो ठोस कदम उठाये जा रहे हैं, उसके लिए सरकार की जितनी प्रशंसा की जाए, वह कम है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अन्तर्गत कम आय वाले परिवारों के बुजुर्गों को अयोध्या तीर्थ की यात्रा एवं हाल ही में प्रयागराज में हुए महाकुम्भ में संगम स्नान भी करवाया गया है। हैप्पी योजनाह्य के तहत प्रदेश के 11 लाख 64 हजार 692 लोगों ने दिसम्बर, 2023 से अब तक कुल 42.14 करोड़ किलोमीटर मुफ्त यात्रा की है।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि सरकार की जो नीतियां किसान-कल्याण पर केन्द्रित हैं। हरियाणा देश का एकमात्र राज्य है, जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सभी चौबीस फसलों की खरीद की जाती है। गत वर्ष मानसून देरी से आने के कारण किसानों को खरीफ फसलों की बिजाई के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने पड़े। उन्हें राहत के लिए हर किसान को दो हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से तेरह सौ पैंतालीस करोड़ रुपये का बोनस दिया गया है। आंगनवाड़ी कार्यकताओं के मानदेय में 14 अक्तूबर, 2024 को सात सौ पचास रुपये और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के मानदेय में चार सौ रुपये मासिक की बढ़ोतरी की गई है। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से महिला उत्थान के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाह्य के तहत 1,068 करोड़ रुपये की लागत से 2,447 किलोमीटर लम्बी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 49 किलोमीटर लम्बी सड़कों का कार्य प्रगति पर है। जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, पंचायत समिति अध्यक्ष, पंचायत समिति उपाध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच तथा पंच, सभी का मानदेय बढ़ाया गया है। शहरों की मूलभूत नागरिक सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2015 से लेकर अब तक 2,145 अवैध कॉलोनियां नियमित की गई हैं। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के अलावा विदेशों में भी किया जा रहा है। गीता के संदेश को मानवमात्र तक पहुंचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण का गठन किया गया है।

# उपायुक्त तथा एसपी ने बीडीपीओ कार्यालय में मतगणना को लेकर व्यवस्था व प्रबंधों का लिया जायजा



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह तथा एसपी गंगाराम पुनिया ने मंगलवार को बीडीपीओ कार्यालय में असंध नगरपालिका अध्यक्ष पद के उप-चुनाव की मतगणना को लेकर काउटिंग सेंटर का दौरा किया तथा व्यवस्था व प्रबंधों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

इसके उपरांत रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राहुल (आईएएस) की अध्यक्षता में काउटिंग सेंटर में मतगणना को लेकर रिहर्सल करवाई गई। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि असंध नगरपालिका अध्यक्ष पद के उप-चुनाव को लेकर 12 मार्च को प्रातः8 बजे से बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में मतगणना का कार्य शुरू हो जाएगा। उपमंडल प्रशासन ने इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसलिए सभी काउंटिंग स्टाफ, उम्मीदवार व उनके एजेंट निर्धारित समय पर मतगणना केंद्रों में पहुंचना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार या उनके एजेंट की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम का दरवाजा खोला जाएगा। इसकी वीडियोग्राफी भी होगी।

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि काउंटिंग स्टाफ, उम्मीदवार तथा काउंटिंग एजेंट को मोबाईल, पैन, पेंसिल व कागज लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त मोबाईल जमा कराने हेतु मतगणना केंद्र पर क्लॉक रूम भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना केंद्र के आसपास पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मतगणना केंद्रों की व्यवस्था के मुताबिक बैरिकेडिंग कर ली गई है। अधिकृत व्यक्ति को ही मतगणना केंद्र में जाने की अनुमति होगी। प्रशासन ने जिन अधिकारियों, कर्मचारियों, उम्मीदवारों व पोलिंग एंजेंट के पास जारी किए हुए हैं, उन्हें जांच के बाद अंदर जाने दिया जाएगा।

# होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीकः शेर प्रताप शेरी

## ■ करनाल रोड स्थित कार्यालय में होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** करनाल रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा कर होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलों की होली खेली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर पुष्पवर्षा कर और मिठाई खिलाकर होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। हरियाणा किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष शेर प्रताप शेरी ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक है। सभी मतभेद भुलकर होली के पर्व को मनाना चाहिए। त्योहार को हम सभी को शांति और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उल्लास एवं उमंग से व्यक्ति की जीवन में भावनाओं का जुड़ाव होता है।

शेर प्रताप शेरी ने सभी कार्यकर्ताओं को होली पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर दिलबाग सिंह नंबरदार, प्रताप जयसिंहपुरा, सुखबीर सिंधड, श्याम पाल रोहिल्ला, सुक्रमपाल सिंधड, गुरनाम सिंह, सिराजुद्दीन दूपेडी, डॉ मांगे राम, पंजाब सिंह, भाग सिंह, बलकार सिंह, अमृतपाल, मालक सिंह, संदीप, जगदीश बेनिवाल, वकील अहमद सहित अन्य मौजूद रहे।

# असंध में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया

## ■ पंचायत ने नशा मुक्ति जागरूकता को बनाई समितिः सेवा सिंह



उपलाना में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत भांग के पौधे किए नष्ट। (छायाः एसबी)

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असंध।** ग्राम पंचायत उपलाना एवं खंड कृषि विभाग असंध ने गांव में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान की शुरूआत उपलाना की महिला सरपंच जीतो रानी कश्यप और खंड कृषि विकास अधिकारी राधेश्याम ने की।

इस मौके पर ग्राम सचिव सेवा सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा रामस्वरूप कश्यप, नंबरदार, चौकीदार एवं पंचों ने सार्वजनिक स्थानों एवं शमशान घाटों से भांग के पौधे जड़ से उखाड़ उन्हें अग्नि भेंट किया। इससे पहले गांव की पाल चौपाल में ग्राम सभा की गई।

सभा को संबोधित करते हुए ग्राम सचिव सेवा सिंह ने कहा कि उपायुक्त करनाल एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी के निदेर्शानुसार खंड की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण स्तर पर नशे की रोकथाम हेतु एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी असंध के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति जागरूक समिति का गठन किया गया।

इस समिति में ग्राम सचिव, सरपंच, पंच नंबरदार, चौकीदार और सामाजिक सरोकार से जुड़े ग्रामीण युवाओं को समिति में शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि इस समिति का उद्देश्य ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना रहेगा जिसमें पंचों को अपने अपने वार्डों में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक करने के आदेशों बारे बताया गया ताकि नशे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा सके। इस दिशा में आज गांव उपलाना में नवनियुक्त नशा मुक्त जागरूक समिति ने गांव के श्मशान घाटों सहित सार्वजनिक स्थानों में खड़ी आदमकद भांग के पौधों को जड़ से उखाड़ कर अग्निभेंट किया। इस अवसर पर खंड कृषि विकास अधिकारी राधेश्याम ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नशा युवाओं को खोखला कर रहा है जिससे कई घर तबाह हो चुके है। नशा आदमी के व्यवहार सहित रिश्ते नाते यहां तक कि मान सम्मान की भी खत्म कर देता है।

इस अवसर पर ग्राम सचिव ने ग्रामीणों से इस दिशा में सहयोग करने की अपील कर कहा कि हर व्यक्ति गांव में नशा मुक्ति के लिए समिति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले ताकि गांव से नशे का मूलनाश किया जा सके।

इस अवसर पर नंबरदार राजा राम, जोगिंद्र पाल, पंच कविता देवी, पंच निशा रानी, पंच विजय कुमार, पंच चंद्रकांत, पंच सोनू सहित सुखबीर सिंह, बलवान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गांव किठाना में श्री खाटू श्याम जी की भव्य कलश यात्रा निकाली गई



कलश यात्रा में भाग लेती गांव की महिलाएं। (छायाः एसबी)

## ■ महिलाओं, बच्चों, युवाओं ने कलश यात्रा में बढ़ चढ़कर लिया भाग

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** गांव किठाना स्थित श्री बालाजी के मंदिर में श्री खाटू श्याम जी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। इस उपलक्ष में सोमवार को श्री खाटू श्याम जी की प्रतिमा का गांव में भ्रमण करवाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने कलश यात्रा में निकालीी और गांव की महीलाओं, बच्चों, युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। गांव किठाना से खाटू श्याम पहुंचने वाले भक्तों की भारी तादाद है। इस बारे में ग्रामीणो ने बताया कि है कि बाबा खाटू श्यामजी की दया दृष्टि जिन भक्तों पर पड़ जाती है, वे लोग जीवन में दरिद्रता से निकलकर उन्नति के मार्ग पर चल पड़ते हैं। बताया गया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालु पूरी आस्था और विश्वास के साथ भाग ले रही है।

# ब्रह्मकुमारी आश्रम राजौंद महिलाओं को कर रहा है जागरूक

## ■ सृष्टि के आदि से ही समाज में नारी का स्थान सर्वोत्तम रहा हैः बीके आशा



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** महिला सशक्तिकरण दिवस की श्रृंखला में राजौंद के ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहने नगर-नगर, गांव-गांव जाकर माताओं व बहनों को जागरूक कर रही है। नंदकर्ण माजरा में माताओं बहनों को महिला सशक्तिकरण की जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि सृष्टि के आदि से ही समाज में नारी का स्थान सर्वोत्तम रहा है। नारी का यह सम्मान उनके चारित्रिक गुणों और शक्तियों जैसे सहनशीलता, त्याग भावना, समर्पण भावना, सबको स्नेह देने की भावना शांति, सूझबूझ वाली कार्यशैली आदि गुणों के कारण हमेशा पुरषों से श्रेष्ठ रहा है। नारी में स्नेह और शक्ति का संतुलन रहा है।

वर्तमान समाज में भी नारी हर क्षेत्र में पुरुषों के कदम से कदम मिलाकर राजनीति, मेडिकल, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, अंतरिक्ष, पुलिस, फोज, प्रशासनिक सेवा, खेल मैदान आदि सभी क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है।

इसके लिए नारी को पुनः अपने मूल गुण और शक्तियों को जाग्रत कर अपने पुरातन गौरव को प्राप्त करना होगा, इसके लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण की आवश्यकता है। कार्यक्रम में भारी संख्या में माताओं बहनों ने भाग लिया और राजयोग का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि आप सभी बहने सेवाकेंद्र पर आकर राजयोग मैडिटेशन सीखकर जीवन में सच्चे सुख और सच्ची शांति का अनुभव कर सकते है।

# मेन बाजार राजौंद मार्केट यूनियन का हुआ गठन

## ■ राजौंद के दुकानदारों की सामुहिक समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगाः प्रधान भीम सिंह राणा

## ■ राजौंद बाजार यूनियन की कार्यकारिणी में सभी व्यवसायों के दुकानदारों को प्रतिनिधित्व दिया जाएगाः उप-प्रधान निर्मल कुमार शर्मा

**संजना भारती संवाददाता**

**राजौंद।** राजौद के मेन बाजार की युनियन की बैठक फुला सिंह मार्केट-राजौद में संपन्न हुई। सभा में प्रधान भीम सिंह राणा व उप-प्रधान निर्मल कुमार ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया।

कार्यकारिणी में सुरेश मित्तल (बर्तन स्टोर), सतपाल शर्मा (टेलर), अमन शर्मा (करियाना स्टोर), राहुल छाबड़ा (रेडीमेड कपड़ा) दिलबाग ढुल (बूट हाउस) हितेष गुम्बर (केमिस्ट) को नई कार्यकारिणी में स्थान दिया गया। बहुत जल्द कार्यकारिणी के सदस्यों को यूनियन के पद की जिम्मेदारी दी जाएंगी। प्रधान भीम सिंह राणा ने कहा कि अगामी दिनों में यूनियन की मीटिंग बुला कर में बाजार के इच्छुक, कर्मठ व युनियन में रुचि लेने वाले दुकानदारों को कार्यकारिणी में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जींद मोड़ से लेकर गोगामेड़ी तक व बाजार के सभी दुकानदारों को बाजार यूनियन का सदस्य बनाया जाएगा। बाजार यूनियन का कार्य दुकानदारों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सरकार व प्रशासन से निदान करवाना रहेगा। उन्होंने कहा कि राजौंद की सड़कों पर उड़ती हुई धूल से सभी दुकानदार, नागरिक, वाहन चालक सभी परेशान है। सरकार प्रशासन से इसका समाधान शीघ्र खोजने का अनुरोध किया जाएगा। राजौंद के मेन बाजार में नपा से अनुरोध कर साफ सफाई की विशेष मुहिम चलवाई जाएगी। राजौद के रात के चौकीदार संबंधी बहुत शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

यूनियन के उप प्रधान निर्मल कुमार शर्मा ने कहा कि मेन बाजार यूनियन में सभी व्यवसाययों के दुकानदारों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा व राजौंद के सभी दुकानदारों को यूनियन की सदस्यता के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

# आधुनिक युगीन विवाहों का खर्चीला स्वरूप: एक चिंतन' विषय पर वेबिनार आयोजित



**संजना भारती संवाददाता**

**असन्ध।** वेबिनार और कलमकार समूह के तत्वावधान में 'आधुनिक युगीन विवाहों का खर्चीला स्वरूप : एक चिंतन' विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन प्रतिष्ठित कवि एवं संस्कृत प्रवक्ता भारत भूषण वर्मा ने किया। उन्होंने चर्चा के दौरान अपने विचार रखते हुए कहां कि वर्तमान युग में विवाहों में अनावश्यक खर्चे किए जा रहे हैं। जिससे दहेज प्रथा को बढ़ावा मिल रहा है। दिखावे की संस्कृति से प्रभावित होकर वर और वधु दोनों ही पक्ष इस कुरीति को बढ़ाते जा रहे हैं। विवाह के उपलक्ष्य पर अपनी हैसियत को बढा-चढ़ा कर दिखाने की चाह में अनेक महंगे उपहार दिए जा रहे हैं जिससे जाने-अनजाने में दहेज प्रथा को बढ़ावा मिल रहा है। मध्यम श्रेणी एवं निर्धन वर्ग के लिए बच्चों का विवाह करना चुनौती बनता जा रहा है क्योंकि समाज के अनावश्यक दबाव बढ़ते जा रहे हैं, जिस पर नियंत्रण आवश्यक है। नोएडा से मुकेश भटनागर ने अनेक दृष्टांतों के माध्यम से अनावश्यक खर्चो पर प्रकाश डाला उनके अनुसार अनावश्यक खर्चों को नियंत्रित करकेकिसी जरूरतमंद की सहायता की जा सकती है।

दिल्ली से मधु शर्मा और पूनम भटनागर ने प्री वेडिंग एक्टिविटी जैसी नई स्थापित की गई रस्मों का खंडन करते हुए परंपरागत तरीके से विवाह पद्धति को स्वीकार करने का संदेश दिया। इसी कड़ी में गुवाहाटी से डॉ. दीपिका सतोदिया ने आज के स्वार्थी रिश्तों पर कटाक्ष करते हुए परंपरागत पद्धति को उत्तम बताया और अन्न के दुरुपयोग को रोकने की बात कही। प्रोफेसर कुलविंदर सिंह ने सूझबूझ के साथ विवाह के संदेश के साथ सामाजिक जागरूकता को फैलाने का संदेशदिया। संयोजक भारत भूषण वर्मा ने सभी की धन्यवाद से कार्यक्रम का समापन किया।

# राजौंद की टूटी-फूटी सड़को से वाहन चालकों को भारी परेशानी

## ■ पीडब्ल्यूडी विभाग कैथल से सड़क रिपेयर करवाने का किया अनुरोध



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौंद क्षेत्र की अधिकांश सड़कें पिछले कई वर्षों से टूटी हुई है। लेकिन सरकार व पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग कैथल को इस की कोई परवाह ही नहीं है। जब भी किसी मंत्री, विधायक या सांसद को इन सड़कों से गुजरना होता है, तो सूखी मिट्टी व पत्थरों से सड़क के गड्ढों को भर दिया जाता रहा है। काफी समय से इन गड्ढों पर कभी भी तारकोल व बजरी से फीलिंग नहीं की गई। अब टूटी-फूटी सड़कों से वाहनों के टायर से उछलते पत्थर परेशानी का सबब बन रहे हैं वही नागरिकों, दुकानदारों को घायल कर रहे हैं। नागरिकों ने कहा कि सरकार व पीडब्ल्यूडी बी एंड आर विभाग कैथल लंबी तान कर सोए हुए है। उन्हें नागरिकों की बिल्कुल भी परवाह नहीं है। नागरिकों ने बताया कि सड़क से पत्थर उछलकर दुकानदारों को घायल कर रहे हैं।

नागरिकों ने आरोप लगाया कि कलायत हल्के की विधायिका होते हुए भी पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने इस हल्के की सड़कों पर कभी ध्यान नहीं दिया। और सरकार व विभाग ने कोई गौर नहीं किया।

दुकानदार रमेश कुमार, लखविंदर सिंह, सेमी लाल, नवाब सिंह, विशाल, दीपक, लक्ष्मण दास, नरेश, कुलदीप व अन्य ने सरकार व पीडब्ल्यूडी एवं बी एंड आर विभाग से अनुरोध किया है कि राजौंद की टूटी-फूटी सड़कों की सुध ले, इन सूखे बिखरे पत्थरों पर तारकोल, बजरी बिछाए ताकि वाहनों के टायर से उछलते हुए पत्थर नागरिकों को नुकसान ना पहुंचाएं।

सत्तारूढ़ सरकार को इस ओर जरूर ध्यान देना चाहिए। सरकार व विभाग को इसे दुरुस्त करना चाहिए। वही दूसरी ओर राजौंद में डिवाइडरों के बीच बने रास्ते पर विभाग द्वारा छः साल बीतने के बाद भी तारकोल व बजरी नहीं डाली गई है।

मामले पर जानकारी लेने के लिए जब भी पीडब्ल्यूडी विभाग कैथल के एसडीओ को सड़क रिपेयर की जानकारी लेने के लिए फोन किया गया तो फोन नहीं उठाया गया।

# जान दे देंगे पर काले कृषि कानून लागू नहीं होने देंगेः रतनमान




**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** कृषि विपणन पोलिसी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने मंगलवार को करनाल में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पोलिसी को वापिस लेने की मांग करते हुए किसानों ने इस पोलिसी की प्रतियां जलाई और जिला प्रशासन को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान घंटों तक लंबा जाम लगा रहा। किसानों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए सरकार को जमकर कोसा। भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कहा कि किसान जान दे देंगे लेकिन काले कृषि कानूनों को लागू नहीं होने देंगे। सरकार पुराने तीनों काले कानूनों को फिर से किसानों पर थोपना चाहती है और यह कृषि विपणन पोलिसी उन्हीं तीनों कानूनों का प्रारूप है। यह काले कानून किसानों को बर्बाद करने वाले हैं। उन्होंने सरकार को सख्त लहजे में कहा कि सरकार तुरंत प्रभाव से इस पोलिसी को रद्द करने का काम करे अन्यथा सरकार को इसका भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

मंगलवार को जिलेभर से किसान गांधी चौक पर एकत्रित हुए जहां पर भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने किसानों को संबोधित किया। इसके बाद रोष मार्च निकालते हुए किसान गांधी चौक से जिला सचिवालय पहुंचे जहां पर किसानों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। किसानों के रोष प्रदर्शन के चलते शहर में लंबा जाम लग गया और वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। रतनमान ने कहा कि सरकार किसानों की दुश्मन न बने और किसानों के खिलाफ नए-नए कानून और पोलिसी लाना बंद करे। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 25 नवंबर 2024 को जारी की गई कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति को हरियाणा विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर वापिस किया जाए और इसे हरियाणा प्रदेश में लागू न किया जाए। धरने प्रदर्शन को जिला प्रधान सुरेन्द्र सिंह घुम्मन, महासचिव सुरेन्द्र बैनिवाल, राज्य चेयरमैन यशपाल राणा, जिला चेयरमैन साहब सिंह, प्रदेश संगठन सचिव श्याम सिंह मान, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने संबोधित किया।